एक नजर में

विधानसभा में उठा में सेंधवा माइक्रो सिंचाई परियोजना मुद्दा

सेंधवा। भोपाल में मप्र विधानसभा के दौरान सेंधवा विस के विधायक मोंटू सोलंकी ने सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना में वन अधिकार पट्टाधारी आदिवासी किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। सरकार ने उत्तर में बताया कि वर्तमान प्रावधानों के अनुसार वन भूमि परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में शामिल नहीं है। विधायक मोंटू सोलंकी ने कहा कि परियोजना अंतर्गत वन भूमि पर कृषि करने वाले किसानों को माँ नर्मदा के सिंचाई जल का लाभ नहीं मिल रहा है। इस संबंध में उन्होंने विधानसभा में प्रश्न प्रस्तुत कर सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी। मोंटू सोलंकी ने प्रश्न के माध्यम से सरकार से पूछा कि क्या सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना में राजस्व भूमि के किसानों को सिंचाई जल उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि वन भूमि पर परंपरागत खेती कर रहे आदिवासी किसानों को इस सुविधा से वंचित रखा गया है। उन्होंने प्रभावित किसानों की संख्या, पेसा अधिनियम के प्रावधानों, राजस्व एवं वन भूमि के किसानों के बीच असमानता तथा परियोजना में संशोधन कर वन अधिकार पट्टाधारी किसानों को भी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी सरकार की मंशा के बारे में जानकारी मांगी। सरकार ने अपने उत्तर में बताया कि वन विभाग के प्रचलित प्रावधानों के अनुसार वन भूमि को सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र में शामिल नहीं किया गया है। इसी कारण वन भूमि पर खेती करने वाले किसानों को वर्तमान में सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। विधायक सोलंकी ने बताया कि सरकार ने जवाब में यह भी स्पष्ट किया कि वन भूमि पर खेती कर रहे किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी वर्तमान में विभाग के विचाराधीन कोई प्रस्ताव नहीं है।

भारतीय मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया

बड़वानी। भारतीय मजदूर संघ का 72वां स्थापना दिवस धूमधाम से शहर के निजी हॉल में मनाया गया। इस अवसर पर हुए विशेष कार्यक्रम में संगठन की 7 दशकों से अधिक की गौरवशाली यात्रा और उसकी उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में सत्यनारायण सोनी शामिल हुए। वहीं मंडी मजदूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अंतिम जायसवाल, जिला मंत्री अजय शुक्ला, प्रदेश संयुक्त महामंत्री ग्यारसी यादव और आंगनवाड़ी सहायिका संघ जिलाध्यक्ष भावना सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही राजन यादव और गोविंद सहित कई पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। वक्ताओं ने विश्व के सबसे बड़े मजदूर संगठन के रूप में भारतीय मजदूर संघ के योगदान, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए किए गए संघर्षों को रेखांकित किया।

जय जगन्नाथ...गूंज से सराबोर हुआ बड़वानी

बड़वानी, (नवभारत)। भगवान श्री जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा के अवसर पर गुरुवार को शहर पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंग गया। इस्कॉन बड़वानी एवं सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ (बलभद्र) और माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे मार्ग पर हरे राम... हरे कृष्ण.... तथा जय जगन्नाथ के जयघोष गुंजते रहे।

भगवान के विग्रह आकर्षक ढंग से सुसज्जित तीन हाइड्रोलिक रथों पर विराजमान रहे। रथयात्रा में इस्कॉन उज्जैन के धीर गौर प्रभुजी के नेतृत्व में उज्जैन, इंदौर, धार, मनावर और बड़वानी की कीर्तन मंडलियों ने संकीर्तन प्रस्तुत किया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए नृत्य के साथ भगवान का गुणगान करते नजर आए।

रथयात्रा योगमाया मंदिर से प्रारंभ होकर भवानी माता मंदिर, झंडा चौक, एमजी रोड़, मोटी माता मंदिर, रामदेव बाबा मंदिर, कालिका माता मंदिर, गुरु गोविंद सिंह चौक, जैन मंदिर चौराहा और रानीपुरा सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर पुनः योगमाया मंदिर पहुंची। यहां महाआरती के साथ यात्रा का समापन हुआ, जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया।

निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका जया जोशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मातृशक्ति रथयात्रा में शामिल हुई। महिलाओं और बालिकाओं ने अनुशासित ढंग से रथ के साथ चलते हुए सेवा, व्यवस्था और धार्मिक वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हजारों श्रद्धालुओं ने किए भगवान के दर्शन

रथयात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा, जबकि नगर पालिका ने मार्ग की साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से सराबोर भगवान जगन्नाथ की यह भव्य रथयात्रा पूरे शहर के लिए आस्था और एकता का प्रतीक बन गई। हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

भगवान की अगवानी की

मोगरा, गुलाब, गेंदे व रंग-बिरंगे फूलों से सजे आकर्षक हाइड्रोलिक रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने। यात्रा मार्ग पर धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और नागरिकों ने भगवान की अगवानी करते हुए पुष्पवर्षा की तथा जगह-जगह पेयजल, फल और जलपान की व्यवस्था की।

श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह

रथयात्रा में विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ और माता सुभद्रा की विशेष दारु (पवित्र लकड़ी) से निर्मित प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इन प्रतिमाओं को दो वर्ष पूर्व जगन्नाथ पुरी से बड़वानी लाया गया था।

राजसात किए गेहूं की नीलामी 29 को

बड़वानी। कृषि उपज मंडी अंजड़ द्वारा मंडी शुल्क कर अपवचन एवं फर्जी अनुज्ञा से अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 304 क्विंटल गेहूं को जब्त मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधान अंतर्गत मण्डी समिति अंजड़ के पक्ष में राजसात किया है। राजसात की गई उपज गेहूं की नीलामी 29 जुलाई को दोपहर 1 बजे उपमण्डी ओझर के प्रागंण में की जाएगी। बोली में मप्र राज्य के मंडी अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी सम्मिलित हो सकते हैं। कृषि उपज मण्डी समिति अंजड़ के सचिव ने बताया कि नीलामी प्रारंभ होने के पूर्व धरोहर राशि 50 हजार का बैंक ड्राफ्ट सचिव मंडी समिति अंजड़ के नाम से देय जमा कराना अनिवार्य होगा। नीलामी में भाग लेने वाले अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी को लिखित आवेदन पत्र के साथ अपना जीवित लायसेंस प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पैन कार्ड की छायाप्रति जमा कराना होगा।

जलभराव और कीचड़ लोग परेशान

बड़वानी (नवभारत)। शहर के राजघाट रोड़ (मनोरमा हॉस्पिटल से भाजपा कार्यालय तक) पर बारिश के कारण भारी जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन गई है। कई स्थानों पर गड्ढों में तालाब जैसी स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। इस मार्ग पर रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है, जिसमें कई निजी अस्पताल, स्कूल और कॉलोनियों के निवासी शामिल हैं।

करना पड़ रहा है दिक्कतों का सामना

29 जुलाई से पवित्र श्रावण मास प्रारंभ हो रहा है। यह मार्ग शहर के प्राचीन सिद्धेश्वर शिव मंदिर जाने का मुख्य रास्ता है, जहां सावन के हर सोमवार को श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ता है। साथ ही नर्मदा पैदल परिक्रमावासी और गंभीर मरीजों को भी इस दयनीय स्थिति के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

आस्था में विघ्न डालने को तैयार है

धार्मिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होने के बावजूद, प्रशासन की खामोशी से स्थानीय नागरिकों और दोपहिया वाहन चालकों में भारी रोष है। बारिश और कीचड़ श्रद्धालुओं की आस्था में विघ्न डालने को तैयार हैं।

जल्द से जल्द प्रशासन ले सुध

यदि श्रावण मास की शुरुआत से पहले प्रशासन ने इस मार्ग का संधारण और जल निकासी का पुख्ता प्रबंध नहीं किया, तो यहां बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द सुध ले और गड्ढों की मरम्मत कराए।

धोबड़िया तालाब की पाल पर पौधारोपण

बड़वानी, (नवभारत)। नगर पालिका द्वारा धोबड़िया तालाब की पाल पर पौधारोपण कार्यक्रम में रिटायर्ड रेंजर मोहनलाल शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने पौधारोपण की सही जानकारी और तकनीक सांझा की।

शर्मा ने बताया कि हमेशा पॉलिथीन में तैयार नए पौधों का ही रोपण करना चाहिए। पौधा लगाने से पहले उसकी मिट्टी को हल्के हाथों से फैलाएं ताकि जड़ें सुरक्षित रहे। 45 सेमी के गड्ढे में अच्छी दोमट मिट्टी, देसी खाद और नीम की खली मिलाकर भरे। पॉलिथीन को ब्लेड से सावधानीपूर्वक फाड़े, पौधे को गड्ढे के मध्य में रखकर चारों ओर से उपजाऊ मिट्टी से हल्के हाथ से दबाएं।

पौधे के तने के आसपास मिट्टी चढ़ाकर मजबूत करें ताकि तेज हवा से नुकसान न हो। समतल क्षेत्र में गोलाकार और ढलानी क्षेत्र में अर्ध-चंद्राकार थाला बनाएं।

रोजगार मेला लगेगा 28 को

बड़वानी। मप्र शासन की रोजगारन्मुखी योजनान्तर्गत कलेक्टर जयति सिंह के मार्गदर्शन में 28 जुलाई को सुबह 11 बजे से स्वामी अमूर्तानन्द शासकीय महाविद्यालय अंजड़ में युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी टीएस डुडवे ने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा बेरोजगार आवेदकों का साक्षात्कार के बाद चयन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक बेराजेगार आवेदक नियत दिनांक एवं स्थान पर अपने मूल अभिलेख अंकसूची, आधार कार्ड, समग्र आईडी, पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

झाबुआ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को किया नमन

चंद्रशेखर उद्यान से निकाली आजाद प्रेरणा मशाल यात्रा, आजाद कुटिया पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि

आलीराजपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली, आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर पहुंचे। यहां नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित चंद्रशेखर उद्यान में मंत्री श्री नागरसिंह चौहान, सांसद अनीता चौहान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 23 जुलाई 1906 को चंद्रशेखर आजाद नगर, जिला आलीराजपुर में जन्मे अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर उनकी पावन जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का त्याग, अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्श नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा, आत्मसम्मान और देशभक्ति का संदेश देते रहेंगे। इसके बाद सीएम डॉ.यादव ने चंद्रशेखर उद्यान से आजाद प्रेरणा मशाल यात्रा का शुभारंभ किया।

आजाद स्मृति मंदिर में देखी प्रदर्शनी: मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आजाद स्मृति मंदिर में प्रदर्शित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के जीवन वृत्तांत का अवलोकन किया। उनके जन्म, बाल्यकाल, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और राष्ट्र के लिए किए सर्वोच्च बलिदान से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी का अवलोकन करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्श सदैव देशवासियों, विशेषकर युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

कृषक कल्याण वर्ष को समर्पित है बलराम कृषि महोत्सव : मुख्यमंत्री

आलीराजपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती के अवसर पर आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय अंचल किसी तीर्थ से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि भाबरा की पावन धरती पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्म हुआ था। वे ऐसे महानायक थे जिन्होंने जीवनभर अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया और देश की स्वतंत्रता में अभूतपूर्व योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी जनजातीय अंचल ने छितू किराड़, खाज्या नायक और टांट्या मामा जैसे वीर सपूत दिए, जिन्होंने अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया और स्वतंत्रता संग्राम में अपने अद्वितीय साहस का परिचय दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर आलीराजपुर जिले में रानी काजल माता लोक विकसित किए जाने तथा जिले के चारों कन्या शिक्षा परिसरों में प्रत्येक परिसर में 200 अतिरिक्त सीटें बढ़ाने की घोषणा की। इंदौर, धार, झाबुआ और बड़वानी के बाद आज आलीराजपुर जिले में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव कृषक कल्याण वर्ष को पूर्णतः समर्पित है। इस अवसर पर उन्नत एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले कृषकों को सम्मानित किया गया।

भारी बारिश के चलते जाम में फंसे यात्रियों के लिए की चाय-नाश्ते की व्यवस्था

झाबुआ। महाराष्ट्र के मुंबई एवं गुजरात के सूरत, वापी में अत्यधिक वर्षा के चलते इसका असर रेलवे सेवाओं पर भी पड़ रहा है। बीती रात एवं तड़के सुबह हुई अत्यधिक बारिश के चलते महाराष्ट्र के मुंबई एवं गुजरात के सूरत, वापी से होकर जाने वाली अधिकांश ट्रेनों को रतलाम से बड़ौदा के बीच रोका जा रहा है। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्री घंटों तक परेशान हो रहे है और रेल्वे ट्रैक पर धरना प्रदर्शन करने जैसी नौबत आ रहीं है।

इसी बीच रेलवे के अधिकारी कविश गौतम द्वारा रोटरी क्लब मेन झाबुआ के डिस्ट्रिक्ट इवेंट चेयरमेन उमंग सक्सेना एवं वरिष्ठ रोटेरियन से संपर्क किया गया और यात्रियों के लिए स्वल्पाहार एवं पेयजल की व्यवस्था करने हेतु अनुरोध किया गया। जिस पर रोटरी क्लब मेन से वरिष्ठ रोटेरियन उमंग सक्सेना एवं अध्यक्ष डॉ. अंकित गुप्ता आदि ने मेघनगर से रतलाम के बीच थांदला रोड, बामनिया आदि रेलवे स्टेशनों एवं अप ट्रैक पर पहुंचकर रेल्वे यात्रियों के लिए फल, बिस्किट, समोसे, कचोरी, पोहे आदि की व्यवस्था की। साथ ही यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल के इंतजाम किए गए। करीब 350 से अधिक यात्रियों के लिए रोटरी क्लब मेन द्वारा यह व्यवस्था मेघनगर से वरिष्ठ रोटेरियन विनोद बाफना एवं थांदला से वरिष्ठ वाहीदुल्ला खान, एडवोकेट विकास भूरिया, रशीद खान, शहजादभाई आदि के विशेष सहयोग से की गई। इस दौरान रोटरी क्लब मेन के पदाधिकारी उमंग सक्सैना एवं डॉ. अंकित गुप्ता आदि ने यात्रियों से चर्चा करते हुए यात्रा में हो रही देरी और उन्हें आ रहीं समस्याओं पर बातचीत की तथा भोजन-पानी संबंधी समस्त व्यवस्थाएं मुहैया करवाई। इसके लिए रेल्वे प्रशासन एवं यात्रियों ने रोटरी क्लब मेन और सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

झाबुआ दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री का भाजपाइयों ने किया स्वागत

दत्तीगांव टोल नाके पर उमड़ा लोगों का हुजूम



झाबुआ। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के झाबुआ आगमन पर भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों में भारी उत्साह देखा गया। भाभरा (आलीराजपुर) दौरे के दौरान दत्तीगांव टोल नाके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया की उपस्थिति में मुख्यमंत्री मोहन यादव का जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने होटल मिडवे स्ट्रीट पर भोजन किया। साथ ही स्थानीय नेताओं से संक्षिप्त चर्चा करने के बाद मुख्यमंत्री का काफिला रानापुर पहुंचा। जहां पर भी पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। उसके बाद सीधे मुख्यमंत्री मोहन यादव भाबरा पहुंचे। स्वागत के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता कलसिंह भाबोर, पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

यात्रियों ने कहा : लोकल गाड़ियां निकाली जा रहीं, हम हो रहे परेशान

बारिश के चलते पश्चिम एक्सप्रेस 6 घंटे रही खड़ी, बामनिया स्टेशन पर यात्रियों का धरना-प्रदर्शन

झाबुआ। मुंबई डिवीजन में लगातार हो रहीं भारी बारिश और रेल्वे ट्रैक पर जलभराव के कारण रेल यातायात प्रभावित हो गया है। इसका असर बुधवार सुबह बामनिया रेलवे स्टेशन पर भी देखने को मिला। यात्री धरने पर बैठ गए। अप ट्रैक पर पश्चिम एक्सप्रेस खड़ी होने के कारण रतलाम-दाहोद मेमू ट्रेन को मुख्य लाइन (मैन लाइन) से चलाने की घोषणा की गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों का कहना है कि अन्य लोकल गा?िया निकाली जा रही है, लेकिन हमारी रेलगा?ी रात 3 बजे से ख?ी है। रेल्वे प्रशासन यात्रियों को समझाने का प्रयास कर रहा है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 5 बजे से बांद्रा जाने वाली पश्चिम एक्सप्रेस बामनिया स्टेशन के अप ट्रैक पर खड़ी रहीं। रेल्वे अधिकारियों ने बताया कि मुंबई डिवीजन में भारी बारिश के चलते वडोदरा से मुंबई की ओर जाने वाले ट्रैक पर जलभराव हो गया। सुरक्षा कारणों से इस रूट पर ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया, जिसके चलते पश्चिम एक्सप्रेस को बामनिया स्टेशन पर रोकना पड़ा।

अफरा-तफरी की स्थिति बनी रहीं

अप ट्रैक व्यस्त होने के कारण रतलाम-दाहोद मेमू ट्रेन को मुख्य लाइन पर लिया गया। अचानक हुए इस बदलाव से ट्रेन में चढ़ने और उतरने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मेमू ट्रेन तक पहुंचने के दौरान स्टेशन पर कुछ देर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रहीं। रेल्वे बोला- सुरक्षा के लिए ट्रेनों को रोक-रोककर चला रहे है। रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेशकुमार पाण्डेय ने बताया कि मुंबई डिवीजन में रेल्वे ट्रैक पर पानी भर जाने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से ट्रेनों का संचालन नियंत्रित किया जा रहा है। रेल्वे सूत्रों के अनुसार वडोदरा से अहमदाबाद के बीच रेल यातायात सामान्य है, जबकि वडोदरा से मुंबई की ओर जाने वाली ट्रेनों को एहतियात के तौर पर रोका जा रहा है।

यूसीसी बिल लागू करने पर जिला भाजपा ने दिया धन्यवाद

प्रदेश में यूसीसी बिल मोहन सरकार द्वारा लागू करने पर पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है। उसी को देखते हुए भारत जनता पार्टी जिला झाबुआ संगठन द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोलू उपाध्याय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलेश दातला, जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा आदि उपस्थित थे।